आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)

मंगलवार 03.12.2024 समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज चंडीगढ में तीन नये अपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन की प्रगति से राष्ट्र को अवगत कराया।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिव्यांगजनों के समाजिक और आर्थिक उन्नयन के लिए सभी विभागों को मिलकर काम करने का आह्वान किया।
- उत्तरकाशी मुख्य बाजार में बस अड्डा और पार्किंग का निर्माण कार्य पूरा हुआ।
- और....यू०पी०सी०एल का केंद्रीयकृत कॉल सेंटर हर दिन 5 सौ से अधिक उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान कर रहा है।

## तीन नए अपराधिक कानून

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज चंडीगढ में तीन नये अपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन की प्रगति से राष्ट्र को अवगत किया। ये कानून हैं– भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम। इस वर्ष पहली जुलाई से देशभर में लागू किए गए, इन कानूनों का उद्देश्य विधि प्रणाली को अधिक पारदर्शी, कुशल और समकालीन समाज की जरूरतों के अनुकूल बनाना है। कार्यक्रम का विषय है – दंड से न्याय के परिप्रेक्ष्य में सुरक्षित और विकसित भारत। कार्यक्रम के दौरान नए कानूनों के व्यावहारिक पहलुओं पर चर्चा होगी।

## आह्वान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिव्यांगजनों के समाजिक और आर्थिक उन्नयन के लिए सभी विभागों को मिलकर काम करने का आह्वान किया है। राष्ट्रपति

आज नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस 2024 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी।

इस अवसर पर श्रीमती मुर्मू ने 33 अनुकरणीय व्यक्तियों और संस्थाओं को विकलांग व्यक्तियों को सशक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए।

## सुगम्य भारत अभियान

सुगम्य भारत अभियान आज अपनी नौवीं वर्षगांठ मना रहा है। इस परिवर्तनकारी पहल का उद्देश्य दिव्यांगजनों के लिए एक सुगम और समावेशी भारत का निर्माण करना है। इस अभियान में बुनियादी ढांचा में सुधार, परिवहन और दिव्यांगजनों के लिए सार्वजनिक स्थलों को और सुगम बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इस अभियान में दिव्यांगजनों के अधिकारों और आवश्यकताओं को लेकर जागरूकता बढ़ाने पर भी बल दिया गया है। सुगम सार्वजनिक परिवहन से लेकर समावेशी शैक्षणिक पहल की सुविधा देकर इस अभियान ने गरिमा और सम्मान के साथ करोड़ों दिव्यांगजनों को जीवन जीने योग्य बनाया है।

## राष्ट्रीय खेल

उत्तराखंड में प्रस्तावित 38वें राष्ट्रीय खेलों की तिथियों पर भारतीय ओलंपिक संघ– आई.ओ.ए ने अपनी मुहर लगा दी है। राष्ट्रीय खेल पूर्व में निर्धारित तिथि 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 के बीच ही आयोजित किये जांएगे। एक मीडिया विज्ञप्ति में, आई.ओ.ए की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेल, भारत में पारंपरिक और आधुनिक दोनों खेलों को बढ़ावा देने में ऐतिहासिक साबित होंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड ने विश्व स्तरीय सुविधाएँ सुनिश्चित करने के लिए सराहनीय प्रयास किए हैं।

प्रदेश की खेल मंत्री रेखा आर्या ने राष्ट्रीय खेलों की तिथि सुनिश्चित होने पर खुशी ज़ाहिर की है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड पहले से ही इन तिथियों के अनुसार अपनी तैयारी कर रहा था। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी तैयारियों को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त हैं और ये आयोजन अनेक मायनों में ऐतिहासिक सिद्ध होने वाला है।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय खेलों में इस बार 32 मुख्य और चार प्रदर्शनी खेलों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें योगासन, कलारीपयट्टू, राफ्टिंग और मल्लखंभ, शामिल हैं।

## पार्किंग सुविधा

उत्तरकाशी मुख्य बाजार के जियोग्रिडवाल के पास बस अड्डा और पार्किंग का निर्माण पूरा हो चुका है। उत्तराकाशी से हमारे संवाददाता ने बताया कि पार्किंग बनने से अब चारधाम तीर्थयात्रियों और उत्तरकाशी जिले के लोगों को यात्रा और अन्य त्यौहारी सीजन के दौरान ट्रैफिक जाम से काफी हद तक राहत मिलेगी।

वाहन चालकों को अब अपने वाहन सड़क किनारे नो–पार्किंग जोन में खड़े नहीं करने पड़ेंगे। छह करोड़ 63 लाख रुपए की लागत से उत्तरकाशी मुख्य बाजार के जियोग्रिडवाल के पास दो मंजिला बस अड्डा और पार्किंग का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान ने कहा कि जल्द ही इस पार्किंग का लोकार्पण किया जाएगा। इस पार्किंग में 35 बसें, 45 टैक्सियां और 50 से अधिक दोपहिया– वाहन पार्क हो सकेंगे। गौरतलब है कि उत्तरकाशी जिला मुख्यालय में पार्किंग हमेशा से ही एक बड़ी समस्या रही है। खासकर चारधाम यात्रा के दौरान रामलीला मैदान को भी पार्किंग के लिए प्रयोग में लाना पड़ता है। उम्मीद है कि नया बस अड्डा और पार्किंग बनने के बाद मुख्य बाजार में जाम की समस्या से राहत मिलेगी।

## नियुक्ति पत्र वितरण

स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने कहा है कि सरकार के स्वास्थ्य सेवाओं के सुधारीकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के बेहतर परिणाम सामने आने लगे हैं। स्थानीय स्तर पर चिकित्सा इकाईयों में उपचार मिलने से आम लोगों को खासी राहत मिल रही है। स्वास्थ्य महानिदेशालय में नर्सिंग अधिकारियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में डॉक्टर रावत ने कहा कि नये नर्सिंग अधिकारियों की तैनाती से प्रदेश के पर्वतीय और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण में मदद मिलेगी। इस अवसर पर 40 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। चयनित नर्सिंग अधिकारियों को प्रदेशभर के विभिन्न चिकित्सा इकाइयों में तैनात किया गया है। इस अवसर पर डॉक्टर रावत ने सभी चयनित नर्सिंग अधिकारियों को प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण में अहम योगदान देने का आह्वान किया।

## बेहतर विद्युत आपूर्ति

उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड– यू०पी०सी०एल विभिन्न माध्यमों से विद्युत उपभोक्ताओं की सेवाओं को और बेहतर बनाने का प्रयास कर रहा है। इन प्रयासों में केन्द्रीयकृत कॉल सेण्टर का संचालन, उपभोक्ता स्वयं सेवा मोबाइल एप और बड़े शिविरों का आयोजन शामिल है। एक रिपोर्ट–

उपभोक्ताओं की बिजली से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए  यू०पी०सी०एल मुख्यालय स्थित केन्द्रीयकृत कॉल सेंटर का नियमित रूप से संचालन किया जा रहा है। कॉल सेंटर में लगातार तीन शिफ्ट में कार्य किया जाता है। वर्तमान में सेंटर में 105 ग्राहक सेवा प्रतिनिधि काम कर रहे हैं, जो हर स्तर पर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। राज्य में स्मार्ट मीटर लगाने की कार्यवाही भी शुरू हो गई है। उपभोक्ता टोल फ्री नंबर 1912 पर सम्पर्क कर स्मार्ट मीटर प्रणाली से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। केन्द्रीयकृत कॉल सेंटर के माध्यम से हर दिन 500 से अधिक उपभोक्ता बिजली से जुड़ी समस्याओं का समाधान पा रहे हैं। नवंबर माह तक बाधित विद्युत आपूर्ति से संबंधित प्राप्त सभी शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर शून्य किया जा चुका है तथा शेष वाणिज्यिक और लाइन शिफ्टिंग, मीटर बदलना, लम्बे स्पानों में पोल लगाना आदि से जुड़ी शिकायतों का आगामी दिनों में समयबद्ध रूप से निस्तारण किया जायेगा।

**बंदरों का उत्पात**

हरिद्वार के लाहड़पुर गांव में बंदरों के बढ़ते उत्पात से आम लोग परेशान हैं। जिला वन अधिकारी ने कहा कि स्थानीय ग्रामीणों गांव में बंदरों के आतंक की ख़बर मिलने के बाद संबंधित क्षेत्र अधिकारी को बंदर पकड़ने वाले दल को तैनात करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र से अधिक से अधिक बंदरों को पकड़कर उन्हें वन क्षेत्रों में छोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

**सैन्य धाम**

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के गुनियाल गांव में सैन्यधाम के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सैन्यधाम की भव्यता और दिव्यता पर विशेष ध्यान देते हुए समय सीमा के भीतर निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। श्री जोशी ने कहा कि राज्य सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट सैन्य धाम जल्द ही प्रदेश की जनता को समर्पित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहीदों के प्रति सम्मान और सेना के गौरवशाली इतिहास को संजोकर रखने के लिए इस धाम का निर्माण किया जा रहा है। सैन्य धाम में अंतिम चरण का फिनिशिंग का काम किया जा रहा है।